भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3181
गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब में प्रसाद योजना और स्वदेश दर्शन योजना

3181 डा. विक्रमजीत सिंह साहनी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रसाद योजना और स्वदेश दर्शन योजनाओं में अब तक पंजाब से शामिल की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) पंजाब में इन परियोजनाओं के लिए आवंटित, स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) पंजाब में इस योजना के तहत चिन्हित स्थलों/गंतव्यों और स्वीकृत परियोजनाओं की सूची का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पंजाब सहित विभिन्न राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार के संबंध में अब तक निर्धारित लक्ष्य और प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' की जारी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है। पंजाब में प्रशाद और स्वदेश दर्शन योजनाओं के तहत स्वीकृत/चिह्नित परियोजनाओं के विवरण सहित इन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत एवं जारी की गई निधियों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): प्रशाद योजना का उद्देश्य सुनियोजित पर्यटन अवसंरचना के विकास के माध्यम से पर्यटकों के लिए तीर्थयात्रा और आध्यात्मिक अनुभव में वृद्धि करना है। प्रशाद योजना के तहत, मंत्रालय ने 1620.21 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 27 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 48 परियोजनाओं को मंजूरी दी है और इन परियोजनाओं के लिए दिनांक 10.03.2025 तक कुल 1096.97 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

*****

अनुबंध

डा. विक्रमजीत सिंह साहनी द्वारा पंजाब में प्रसाद योजना और स्वदेश दर्शन योजना के संबंध में दिनांक 27.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3181 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

पंजाब में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
1.	अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	6.40	6.40
2.	चमकौर साहिब का विकास	31.57	17.49

प्रशाद योजना के तहत पंजाब में चिन्हित स्थलों की सूची

क्र.सं.	**परियोजना**
1.	दुर्गयाना मंदिर, जिला अमृतसर

पंजाब में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**परिपथ/वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
1.	विरासत परिपथ 2018-19	आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास	85.32	81.05

पंजाब में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र.सं.	**गंतव्य**	**एक्सपीरियंस का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	कपूरथला	कांजली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस	20.06
2.	अमृतसर	अटारी में बोर्डर टूरिज्म एक्सपीरियंस	25.90

*****